प्रेस नोट
दिनांक 07.09.2024

थाना को0 नगर पुलिस द्वारा गैंगस्टर ऐक्ट के 02 वांछित अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार–

कार्यवाहीः–

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर श्री सौरभ वर्मा के नेतृत्व में थाना को0नगर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0–665/24, धारा 3(1) यू0पी0 गैंगस्टर ऐक्ट से सम्बन्धित 02 गैंगस्टरों–01. मो0 खलील पुत्र अब्दुल हाजी नजीर, 02. चांद बाबू उर्फ तौफीक पुत्र मो0 खलील को उनके मालवीय नगर स्थित घर से गिरफ्तार कर लिया गया।

घटना का संक्षिप्त विवरण–

दिनांक 06/07.09.2024 की रात्रि प्र0नि0 को0 नगर मनोज कुमार पाठक मय फोर्स शांति व्यवस्था हेतु रात्रि गस्त में रवाना थे कि सूचना प्राप्त हुई कि गैंगस्टर ऐक्ट के वांछित अभियुक्तगण मालवीय नगर स्थित अपने घर पर मौजूद है प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस बल द्वारा बताये गए स्थान पर दबिश देकर 02 गैंगस्टरों–01. मो0 खलील पुत्र अब्दुल हाजी नजीर, 02. चांद बाबू उर्फ तौफीक को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगणों का एक आपराधिक गिरोह है जो भौतिक एवं आर्थिक लाभ प्राप्त करने हेतु धोखाधड़ी करते हुए अचल सम्पत्ति का मारपीट कर अध्यासन करते है। इस गिरोह द्वारा जमीनों पर फर्जी बैनामा एवं धोखाधडी के अपराधों से अवैध सम्पत्ति अर्जित की गयी है।
गिरफ्तार अभियुक्तगणों के विरूद्ध थाना को0 नगर पुलिस द्वारा अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की गयी।

गिरफ्तार अभियुक्तगण–

01. मो0 खलील पुत्र अब्दुल हाजी नजीर नि0 पटेल नगर मालवीय नगर थाना को0 नगर जनपद गोण्डा।
02. चांद बाबू उर्फ तौफीक पुत्र मो0 खलील नि0 पटेल नगर मालवीय नगर थाना को0 नगर जनपद गोण्डा।

पंजीकृत अभियोग–

01. मु0अ0सं0–665/24, धारा 3(1) यू0पी0 गैंगस्टर ऐक्ट थाना को0 नगर जनपद गोण्डा।

गिरफ्तार कर्ता टीम–

01. प्र0नि0 मनोज कुमार पाठक थाना को0 नगर।
02. उ0नि0 बृजेश गुप्ता।
03. उ0नि0 दिनेश राय।
04. म0उ0नि0 अर्पिता यादव।
05. म0का0 ज्योति गौड़।
06. हे0का0 राजकरन यादव।
07. का0 अंशू वर्मा।
08. का0 दीपक सिंह।
09. का0 अंगद शर्मा।

मीडिया सेल, गोण्डा।

प्रेस नोट
दिनांक 07.09.2024
संपूर्ण समाधान दिवस
जनपद गोण्डा।

जिलाधिकारी गोण्डा व पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील सदर में जनसमस्याओं को सुना गया एवं उनके गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया–

आज दिनांक 07.09.2024 को उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश के क्रम में सदर तहसील गोण्डा में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें जिलाधिकारी गोण्डा श्रीमती नेहा शर्मा, पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल व राजस्व, पुलिस तथा अन्य विभाग के अधिकारी/कर्मचारीगणों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस दौरान अधिकारीगणों द्वारा जनता की जनसमस्याओं को सुना गया तथा समस्याओं के त्वरित एवं गुणवक्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का शत–प्रतिशत निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। अधिकारीगणों द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश शासन के दिशा–निर्देशों से अधिकारी एवं कर्मचारीगणों को अवगत कराते हुये प्रार्थना–पत्रों की समयबद्ध जांच, कार्यवाही एवं समस्याओं के निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।

इस अवसर पर प्रशिक्षु0 उपाधीक्षक नित्या गोस्वामी, प्रशिक्षु0 उपाधीक्षक उदित नारायण पालीवाल, प्र0नि0 मनोज कुमार पाठक सहित राजस्व व पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।

मीडिया सेल, गोण्डा।